भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 210**

उत्तर देने की तारीख 01 दिसंबर, 2025
10 अग्रहायण, 1947 (शक)

# खेल अवसंरचना अनुदानों को एथलीटों के प्रदर्शन के साथ जोड़ना

**210. श्री गुरमीत सिंह मीत हायेर:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार विशिष्ट राज्यों के खेल अवसंरचना अनुदान और पूंजी वित्तपोषण को एथलीटों के प्रदर्शन के साथ जोड़ने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या पंजाब जैसे राज्य, जिनकी अधिक एथलीट भागीदारी है और जिन्हें उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं, को अधिक प्रतिस्पर्धी और कुशल खेल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए बढ़े हुए संसाधनों से अधिक लाभ प्राप्त हुआ है,

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या

(घ) क्या सरकार की राज्यों के बीच उनके एथलेटिक प्रदर्शन और राष्ट्रीय खेल विकास में उनके योगदान के आधार पर संसाधनों का अधिक न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करने की कोई योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ङ): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेल अवसंरचना के विकास और एथलीटों के प्रशिक्षण सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य / संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की होती है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। खेलो भारत नीति 2025 के माध्यम से जनसांख्यिकी, कार्मिक, पिछले प्रदर्शन आदि जैसे क्षेत्रीय डाटा के आधार पर उच्च प्रदर्शन के लिए आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए लक्षित दृष्टिकोण के साथ आर्थिक, सामाजिक और भौगोलिक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर तक अवसंरचना विकास पर फोकस करते हुए खेल सुविधाओं के न्यायसंगत वितरण पर बल दिया गया है।

*****